


शाजापुर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में चक्काजाम किया गया. वहीं, खलघाट पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, सचिन यादव, कांतिलाल भूरिया आदि के नेतृत्व में चक्काजाम किया गया.

# किसानों के मुद्दों पर कांग्रेस का चक्काजाम

**27 00 रुपए प्रति क्विंटल के वादे पर सवाल उठाया**

**60 00 रुपए प्रति क्विंटल सोयाबीन पर भी छल**

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 7 मई. किसानों के साथ कथित अन्याय, न्यूनतम समर्थन मूल्य ( एमएसपी ) पर अपर्याप्त खरीदी और कृषि उपज के उचित दाम नहीं मिलने के मुद्दे पर कांग्रेस ने गुरुवार को मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ अपना आंदोलन और तेज कर दिया. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में राज्यभर में व्यापक 'चक्काजाम' आंदोलन आयोजित किया गया, जिसमें मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग ( एनएच-3 ) सहित कई प्रमुख मार्गों को जाम किया गया.**

## आंदोलन तेज करने की चेतावनी

कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि आंदोलन में प्रदेशभर से लाखों किसान और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए. पार्टी के अनुसार लगभग 747 किलोमीटर क्षेत्र में हुए इस आंदोलन में सांसदों, विधायकों, जिला अध्यक्षों और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भागीदारी की.

मुरैना में कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह और विधायक हेमंत कटारे आंदोलन में शामिल हुए. ग्वालियर में राज्यसभा सांसद अशोक सिंह और कांग्रेस सह-प्रभारी संजना जाटव ने संभागीय विधायकों के साथ प्रदर्शन का नेतृत्व किया.

शिवपुरी में पूर्व मंत्री के.पी. सिंह और प्रदेश महासचिव यादवेन्द्र सिंह आंदोलन में मौजूद रहे, जबकि गुना में पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने प्रदर्शन का नेतृत्व किया. शाजापुर में आयोजित प्रमुख प्रदर्शन में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, सह-प्रभारी संजय दत्त, कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य मीनाक्षी नटराजन, विधायक महेश परमार और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा शामिल हुए.

इंदौर में भी जीतू पटवारी ने सह-प्रभारी उषा नायडू के साथ आंदोलन में भाग लिया. वहीं खलघाट में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, सह-प्रभारी रणविजय सिंह लोचव, पूर्व मंत्री बाला बच्चन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन यादव सड़क जाम आंदोलन में शामिल हुए.

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने भाजपा सरकार पर किसानों की आवाज दबाने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान अब जागरूक हो चुका है और अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतर आया है.

> **सरकार किसान संकट के प्रति संवेदनशील नहीं है**
> उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की आवाज उठाने पर यदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जाते हैं, तो कार्यकर्ता जेल जाने के लिए भी तैयार हैं. आवश्यकता पड़ने पर मुख्यमंत्री निवास का घेराव और प्रतीकात्मक तालाबंदी आंदोलन भी किया जाएगा. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य और खरीदी व्यवस्था की अव्यवस्थाओं के कारण किसान अपनी फसल सड़क पर फेंकने को मजबूर हैं, लेकिन सरकार इस संकट के प्रति संवेदनशील नहीं है. भाजपा पर राजनीतिक हमला बोलते हुए सिंघार ने कहा कि सत्तारूढ़ दल मध्य प्रदेश के किसानों की समस्याओं से ज्यादा पश्चिम बंगाल की राजनीति में व्यस्त दिखाई देता है. उन्होंने कहा कि किसान सरकार की कार्यशैली को देख रहा है और समय आने पर राजनीतिक जवाब भी देगा.

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 2023 विधानसभा चुनाव से पहले किसानों से किए गए 'मोदी गारंटी' के वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं. उन्होंने सवाल उठाया कि गेहूं की खरीद 2700 प्रति क्विंटल के वादे का क्या हुआ. पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार सीमित मात्रा में ही खरीद कर रही है, जिससे किसान अपनी उपज खुले बाजार में कम दाम पर बेचने को मजबूर हैं. उन्होंने कहा कि धान के लिए 3100 प्रति क्विंटल और सोयाबीन के लिए 6000 प्रति क्विंटल देने के वादे भी किसानों के साथ छल साबित हुए हैं. पटवारी का आरोप था कि किसानों की आय बढ़ाने के दावे किए जा रहे हैं, जबकि प्रदेश का बड़ा किसान वर्ग आज भी कर्ज में डूबा हुआ है. पटवारी ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को पंचायत स्तर तक विस्तारित किया जाएगा.

# महाकाल की नगरी में मिलेगा बंगाल का स्वाद, नैवेद्य लोक में छाएगी झालमुड़ी

- इंदौर के 56 दुकान की तर्ज पर सजा नैवेद्य लोक
- उज्जैन में फूड हब की दुकानें बिकेंगी
- 56 लाख के फ्लैट्स पर टूटे खरीदार




**प्रमोद व्यास**

**उज्जैन. महाकाल की नगरी में अब पश्चिम बंगाल की फेमस झालमुड़ी का स्वाद भी शहरवासियों और श्रद्धालुओं को मिलने जा रहा है. सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के बीच विकसित किए जा रहे नैवेद्य लोक में इंदौर के 56 दुकान की तर्ज पर फूड और फैमिली एंटरटेनमेंट हब तैयार किया गया है.**

नैवेद्य लोक की दुकानें खुलते ही वेंडर्स अपने खास पकवान बनाकर परोसेंगे. खास बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चर्चित हुई पश्चिम बंगाल की प्रसिद्ध झालमुड़ी अब उज्जैन के नैवेद्य लोक में भी मिलने की तैयारी है.

**वहां पीएम ने खाई हम सीएम को खिलाएंगे**-नवभारत से चर्चा में सांवरिया बड़ापाव के संचालक यश ठाकुर ने बताया कि यदि उन्हें टेंडर में दुकान आवंटित होती है तो वे नैवेद्य लोक में शहरवासियों को स्पेशल बंगाली स्टाइल झालमुड़ी खिलाएंगे. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में जिस झालमुड़ी का स्वाद लिया था, वही स्वाद अब उज्जैन में मिलेगा और सबसे पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को खिलाया जाएगा.

**सौगात के बदले झालमुड़ी** - मुख्यमंत्री ने उज्जैन को जो सिंहस्थ के मद्देनजर सौगातें दी हैं, वह किसी सपने से कम नहीं हैं. शहर में सड़कों का जाल, फ्लाईओवर, नए घाट, एयरपोर्ट, रोप-वे, मेडिकल कॉलेज, आईटी पार्क और मेट्रो जैसे बड़े प्रोजेक्ट तेजी से आकार ले रहे हैं. यश ने बताया कि शहर विकास की परिकल्पना जो सीएम डॉ यादव ने की है ऐसे में उन्हें सौगात के बदले झालमुडी खिलाई जाएगी.

**श्रद्धालु और पर्यटक उठाएंगे लुफ्त** -प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने बताया कि प्रतिकल्पा का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया था. उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा मंत्री रहते हुए डॉ. यादव ने ही इसका भूमिपूजन भी किया था. उनके अनुसार यह प्रोजेक्ट उज्जैन के शहरी विकास में मील का पत्थर साबित होगा. महाकाल मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को यहां खरीदारी, भोजन और घूमने के लिए आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी.

### प्रतिकल्पा के टेंडर हुए ओपन

इधर, नानाखेड़ा स्थित सी-21 मॉल के पास उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 80 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए 'प्रतिकल्पा' आवासीय एवं सह वाणिज्यिक प्रोजेक्ट के टेंडर खुल चुके हैं. इस योजना को लेकर निवेशकों और खरीदारों में खासा उत्साह देखने को मिला है. विकास प्राधिकरण को 35 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं. सबसे अधिक रुचि फ्लैट्स को लेकर सामने आई है, जबकि दुकानों के लिए भी बड़ी संख्या में लोगों ने टेंडर डाले हैं. 56 लाख रुपए कीमत वाले 2 बीएचके फ्लैट्स के बावजूद खरीदारों का रुझान यूडीए अधिकारियों को उत्साहित कर रहा है.

> **नैवेद्य लोक की विज्ञप्ति निकलेगी**
> यूडीए सीईओ ने बताया कि नैवेद्य लोक की विज्ञप्ति भी दो-तीन दिनों में जारी होने जा रही है. नैवेद्य लोक का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जा चुका है. यहां इंदौर के 56 दुकान की तर्ज पर विभिन्न खानपान की दुकानें विकसित की जा रही हैं, जहां स्थानीय व्यंजन से लेकर देशभर के प्रसिद्ध फूड आइटम उपलब्ध होंगे. लोकार्पण के दौरान लगातार आठ दिनों तक बड़ी संख्या में शहरवासियों ने यहां पहुंचकर इस नए फूड जोन का आनंद लिया था.

# सड़क किनारे मिले संदिग्ध बैगों में 2 .83 करोड़ की गड्डियां...

- असली-नकली में उलझी पुलिस, फॉरेंसिक जांच के बाद ही होगी नोटों की पुष्टि

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. सांवेर-उज्जैन रोड पर गुरुवार सड़क किनारे मिले तीन लावारिस बैगों से करीब 2 करोड़ 83 लाख रुपए की 566 गड्डियां मिलने से हड़कंप मच गया. शुरुआती जांच में गड्डियों के ऊपर असली नोट और अंदर नकली नोट व रंगीन कागज मिलने से पुलिस असली-नकली के उलझन में फंस गई है. फिलहाल पूरे मामले की पुष्टि के लिए नोटों को विशेषज्ञ जांच के लिए भेजा है.**

एडिशनल एसपी महू रूपेश द्विवेदी का कहना है कि एक किसान ने सुबह करीब 10 बजे बैग पड़े होने की सूचना दी थी. प्रारंभिक जांच में कुछ नोट असली और कई संदिग्ध पाए गए हैं, जिससे मामला जटिल हो गया है. मामले में सांवेर थाना प्रभारी गिरजाशंकर महोबिया ने बताया कि सूचना मिलने पर टीम के साथ मौके पर स्वयं पहुंचे. बैग खोलने पर बड़ी मात्रा में नोटों की गड्डियां मिलीं, लेकिन जांच में सामने आया कि कई गड्डियों के बीच कागज भरे हुए हैं. गिनती में 566 गड्डियां सामने आईं, जिनकी अनुमानित राशि 2.83 करोड़ रुपए बताई जा रही है. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इतनी बड़ी रकम किसने और किन परिस्थितियों में वहां छोड़ी. इसके लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं. साथ ही नोटों की वास्तविकता स्पष्ट करने के लिए फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है, जिसके बाद ही पूरी स्थिति साफ हो सकेगी.





# केशव सिंह ने किया पदभार ग्रहण

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 7 मई.प्रदेश भाजपा कार्यालय में गुरूवार को राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के अध्यक्ष केशव सिंह बघेल ने सांसद भारत सिंह कुशवाह, पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, विधायक मोहन सिंह राठौर एवं पूर्व मंत्री श्रीमती इमरती देवी के साथ महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया.**

उसके बाद बघेल ने कामधेनु भवन स्थित निगम कार्यालय पहुंचकर पूजन-अर्चन कर पदभार ग्रहण किया. राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के नवनियुक्त अध्यक्ष केशव सिंह बघेल ने कहा कि मैंने पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सिद्धांतों से प्रेरणा लेकर सेवा करने का संकल्प लिया है.

## बिना अनुमति जनगणना कार्य से अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी

**आलीराजपुर.** नगर परिषद जोबट के चार्ज अधिकारी (जनगणना) द्वारा जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने पर एक प्रगणक को नोटिस जारी किया गया है. नगर परिषद जोबट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जनगणना 2027 के प्रथम चरण (गृह सूचीकरण) के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 02 (एएनएलओबी नंबर 03) में कार्य के लिए प्रगणक के रूप में नियुक्त भेरूसिंह कनेश 05 मई को निरीक्षण के दौरान अपने कार्य से अनुपस्थित पाए गए. बिना पूर्व अनुमति कार्य से अनुपस्थित रहने पर उन्हें नोटिस जारी कर दिया.

# किसानों को गुमराह कर रहे हैं जीतू : चावड़ा

## आंदोलन को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस को घेरा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 7 मई. भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने कांग्रेस के किसान चक्काजाम आंदोलन को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि यह चक्काजाम किसानों को गुमराह करने के साथ-साथ प्रदेश का माहौल खराब कर रही है.**



उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपनी छवि बनाने के लिए किसानों और आम जनता को परेशान कर रहे हैं. कांग्रेस को किसानों के हित की चिंता करने से पहले अपने शासनकाल की जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए, जब किसानों पर गोलियां चलाई गईं और उन्हें 18 प्रतिशत तक ब्याज वसूला गया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव किसानों के प्रति बेहद संवेदनशील हैं. वे स्वयं गेहूं खरीदी केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं और किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं. भाजपा सरकार हमेशा किसानों के साथ मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी किसानों के हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देगी. चावड़ा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा नकारात्मक राजनीति को बढ़ावा दिया है, यही कारण है कि जनता लगातार उसे नकार रही है और कांग्रेस को चुनावों में हार का सामना करना पड़ा. कांग्रेस को आंदोलन और भ्रम फैलाने की राजनीति छोड़कर सरकार के साथ मिलकर किसानों के हित में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए. उन्होंने कहा कि मप्र की भाजपा सरकार ने किसानों के हित में निरंतर और ठोस कार्य किए हैं, जबकि कांग्रेस के पिछले कार्यकाल में कर्जमाफी के झूठे वादों ने किसानों को डिफॉल्टर बना दिया.

> इसी प्रकार प्रदेश के सभी संभागों में कांग्रेस के आंदोलन को लेकर मप्र शासन के मंत्री, सांसद एवं पार्टी प्रवक्तागणों ने पुरजोर विरोध जताते हुए प्रतिक्रियाएं दी. इंदौर में प्रदेश शासन के मंत्री तुलसीराम सिलावट, सागर में प्रदेश शासन के मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, छिंदवाड़ा में सांसद विवेक बंटी साहू, उज्जैन में प्रदेश प्रवक्ता राजेन्द्र भारती, मंदसौर में प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसौदिया, ग्वालियर में प्रदेश प्रवक्ता व विधायक घनश्याम पिरोनिया, जबलपुर में प्रदेश प्रवक्ता व विधायक नीरज सिंह लोधी ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी.

# भाजपा विधायक डॉ . मालवीय ने महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष को दिया नोटिस

- महिला उत्पीड़न के आरोप पड़े भारी
- सात दिन में सबूत पेश करने का दिया अल्टीमेटम

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** महिला उत्पीड़न के आरोपों को लेकर सियासी घमासान अब कानूनी जंग में बदल गया है. बीजेपी विधायक डॉ. चिंतामणि मालवीय ने महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया को 10 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस भेजकर 7 दिन में सबूत पेश करने का अल्टीमेटम दिया है.

आरोप प्रत्यारोप का मामला तब गरमाया जब रीना बोरासी सेतिया ने हाल ही में मीडिया के सामने विधायक मालवीय पर महिला उत्पीड़न और जमीन से जुड़े गंभीर आरोप लगाए थे, उन्होंने दावा किया कि उनके पास आरोपों के समर्थन में दस्तावेज और एफिडेविट मौजूद हैं. इन आरोपों के बाद विधायक मालवीय ने कड़ा रुख अपनाते हुए वकील के जरिए 10 करोड़ रुपए का मानहानि नोटिस भिजवाया दिया. नोटिस में साफ कहा गया है कि यदि तय समय सीमा में आरोपों के ठोस प्रमाण पेश नहीं किए गए तो उनके खिलाफ सिविल और आपराधिक कार्रवाई की जाएगी. विधायक ने सभी आरोपों को झूठा और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताया है. साथ ही जिस मीडिया प्लेटफॉर्म पर ये आरोप प्रसारित हुए, उसके खिलाफ भी कानूनी कदम उठाने की चेतावनी दी गई है. दोनों पक्ष अपने अपने दावों पर अड़े हैं और मामला अब पूरी तरह कानूनी मोड़ लेता नजर आ रहा है.



# एमपी में बदला मौसम का मिजाज, कई जिलों में अलर्ट

**इंदौर, 7 मई. मध्यप्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है. पिछले 24 घंटे में ग्वालियर, चंबल और जबलपुर संभाग के कई जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गई. मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी प्रदेश के कई जिलों में गरज-चमक, तेज हवा और बूंदाबांदी की संभावना जताई है.**

मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को प्रदेश के ग्वालियर, दतिया, मुरैना, भिंड, रीवा, सीधी, सिंगरौली, सतना, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, पन्ना और मैहर समेत कई जिलों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं. कुछ स्थानों पर बिजली चमकने के साथ हल्की बारिश की खबरें भी हैं.

प्रदेश में तापमान में भी गिरावट देखी गई है. कई संभागों में दिन और रात का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया. मौसम विभाग के मुताबिक अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है. वहीं गुरुवार को प्रदेश का सबसे अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस नरसिंहपुर में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 16.1 डिग्री सेल्सियस अमरकंटक में रिकॉर्ड हुआ.

> **इंदौर में तापमान फिर पहुंचा 40 डिग्री**
> इंदौर में एक हफ्ते गर्मी से राहत मिलने के बाद आज तापमान फिर बढ़ गया और 40 डिग्री पर पहुंच गया. शाम को साढ़े पांच बजे भी पारा 38 .5 डिग्री के आसपास था साथ ही आज शहर गर्म हवाओं के लपटे भी चल रही थी, जो इस बात का संकेत है कि अगले दो से तीन दिनों में पारा 42 से 45 डिग्री को छू सकता है. इतना ही नहीं शहर में लू भी चल सकती है. आज भी शहर में 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चली. रात के तापमान में गिरावट बनी हुई है और रात में पारा 21 .6 दर्ज किया गया, जो सामान्य है.

**शिक्षा नवाचार** | राज्य सरकार जल्द लेगी नीतिगत निर्णय, कैबिनेट में आएगा प्रस्ताव

# स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज होंगे सभी विभागों के स्कूल

**कन्हैया लोधी**

**भोपाल, 7 मई. प्रदेश में आने वाले दिनों में स्कूल शिक्षा विभाग में ही बाकी सभी स्कूलों को मर्ज किया जाएगा. यानी स्कूल चलाने की जिम्मेदारी केवल स्कूल शिक्षा विभाग की होगी, बाकी दूसरे विभाग स्कूली शिक्षा से जुड़ी गतिविधियां संचालित नहीं कर सकेंगे.**

राज्य सरकार ने इस संबंध में प्रारंभिक तौर पर प्रस्ताव तैयार कर लिया है. अब इस मामले में नीतिगत निर्णय लिया जाएगा. संबंधित विभागों की




सहमति के बाद इस संबंध में प्रस्ताव कैबिनेट में पेश होगा. संभावना जताई जा रही है कि अगले सत्र से प्रदेश में नई व्यवस्था लागू हो सकती है. अभी स्कूल शिक्षा विभाग के अलावा एससी, एसटी, श्रम, पंचायत और समाज कल्याण विभाग अलग- अलग तरह से स्कूल संचालित करते हैं. लेकिन नए प्रस्ताव के बाद ये केवल एक ही विभाग की छतरी के नीचे आ जाएंगे.

इस संबंध में इसी माह 15 मई के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बड़ी बैठक ले सकते हैं. इस बड़ी बैठक में राज्य सरकार के अगले एक वर्ष का एजेंडा तय किया जाएगा. इस रोडमैप के आधार पर ही विभागों को काम करने का टॉस्क मिलेगा. इस बैठक के लिए राज्य सरकार ने 45 बिंदु तय किए हैं, जिस पर चर्चा किया जाना है, जिसमें ये महत्वपूर्ण विषय भी शामिल है.

### अब एक ही कैंपस में स्कूल और कॉलेज

प्रदेश में अब सरकारी स्कूलों के कैंपस में ही कॉलेज भी संचालित होंगे. जी हां. इस दिशा में भी राज्य सरकार अब तेजी से आगे बढ़ रही है. दरअसल प्रदेश में सांदीपनि विद्यालयों का निर्माण तेजी से चल रही है. कई स्थानों पर सांदीपनि विद्यालयों का संचालन भी शुरू हो गया है. एक विद्यालय के निर्माण में 40 से 50 करोड़ की बड़ी राशि खर्च की गई है. ये विद्यालय सुविधाओं के मामले में किसी भी निजी स्कूलों को कड़ी टक्कर दे सकते हैं. यहां प्रवेश के लिए कतारें लग रही हैं. इन स्कूलों का रिजल्ट भी बेहतर है, जिसके चलते अब सरकारी स्कूलों के प्रति लोगों की धारणा बदलने लगी है. इस बीच अब सांदीपनि स्कूलों के बड़े कैंपस का पूरा उपयोग किस तरह किया जाए, इसे लेकर उच्च स्तर पर मंथन का दौर लगभग पूरा हो गया है. उच्च स्तर पर जो प्रस्ताव तैयार किया गया है, उसके मुताबिक सांदीपनि स्कूलों में प्रात: के समय तो स्कूल ही संचालित होंगे, वहीं दोपहर में यहां कॉलेज संचालित किया जा सकता है. जिससे कि इसका फायदा प्रदेश के युवाओं को भी मिल सके. यहां स्किल डेवलपमेंट, कंप्यूटर प्रशिक्षण, कोचिंग जैसी गतिविधियां भी संचालित की जा सकती हैं. इस संबंध में समन्वय की जिम्मेदारी स्कूल शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग को दी जाएगी.

> **25 से कम छात्र तो कॉलेज शिफ्ट होंगे**
> राज्य सरकार ने एक अलग प्रस्ताव तैयार किया है, जिसके मुताबिक ऐसे कॉलेज जहां 25 से कम छात्र-छात्राएं है, उनको दूसरे कॉलेजों में शिफ्ट किया जाएगा. इसके लिए युक्तियुक्त करण किया जाएगा. राज्य सरकार नए कॉलेज खोलने के बजाय मौजूदा कॉलेजों में ही सुविधाओं को बेहतर करेगी, जिससे कि कॉलेज स्टूडेंट को बेहतर माहौल मिल सके. इस विषय को मुख्यमंत्री की समीक्षा के लिए एजेंडे में शामिल किया गया है.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 **RNI Reg. No.7590/60**